अध्याय VI- लेखापरीक्षा के अनुरोध पर सीपीएसईज द्वारा वसूलियाँ, सुधार/परिशोधन

नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

6.1 लेखापरीक्षा के अनुरोध पर वसूलियां

03 सीपीएसईस से संबंधित 6 मामलों में, लेखापरीक्षा ने इंगित किया कि वसूली के लिए ₹ 6.91 करोड़ की राशि देय थी। सीपीएसईज के प्रबंधन ने **परिशिष्ट-I** में दिये गये विवरण के अनुसार 2014-15 की अवधि के दौरान ₹ 6.38 करोड़ (92 *प्रतिशत*) की वसूली की थी।

नेशनल सफाई कर्मचारी फाइनैंस और डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन और नेशनल शैड्यूल्ड कास्ट्स फाइनैंस और डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन

6.2 लेखापरीक्षा के अनुरोध पर सुधार/परिशोधन

नमूना जांच के दौरान, नियमों/विनियमों के उल्लंघन, दिशा-निर्देशों की अनुपालना न करने से संबंधित मामले पाये गये और प्रबंधन के ध्यान में लाये गये। उन मामलों का विवरण जहां लेखापरीक्षा के अनुरोध पर प्रबंधन द्वारा अपने नियम/विनियमों आदि में परिवर्तन किये गये थे, **परिशिष्ट-II** में दिया गया है।